अपनी जड़ो से जुड़ना ही सच्ची प्रगति की दिशा है - विधायक डॉ. लालाराम बैरवा

शाहपुरा निस । श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय शाहपुरा में हरियाली तीज के अवसर पर हरयालो राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. लालाराम बैरवा एवं मुख्यवक्ता डॉ. शंकर लाल माली प्रांत कार्यवाह चितोड़ प्रांत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पुष्करराज मीणा ने की। डॉ. माली ने बताया कि पंच परिवर्तन एक समग्र विकास की सोच है जो व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को नवचेतना, संस्कार और समर्पण से जोडती है पंच परिवर्तन के द्वारा ही एक सशक्त समरस और सुससंस्कृत भारत का निर्माण होगा। विधायक डॉ.लालाराम बैरवा ने कहा कि अपनी जड़ो से जुडना ही सच्ची प्रगति की दिशा है।

खेड़ीशंकर धाम: जहां दिन में तीन रंग में नजर आता है शिवलिंग

- **भीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब**
- **सरवाड़ मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए श्रद्धालु**

सरवाड़, 28 जुलाई (निसं)। शहर साहित उपखंड क्षेत्र में सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा शहर के भीमेश्वर महादेव मंदिर में शस्त्रधारा का आयोजन किया गया जिसमें बढ़ चढ़कर श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया इस प्रकार निकटवर्ती गांव में स्थित प्राचीन मंदिर खेड़ी धाम में शिवलिंग की अपनी अलग पहचान है ग्रामीणों ने बताया कि यहां स्थापित शिवलिंग के दिन में तीन अलग-अलग रंग नजर आते हैं जो कि सुबह सफेद दिन में पीला शाम को नीला रंग लिए दिखते हैं ग्रामीणों का कहना है कि शिवलिंग धाम की स्थापना से लेकर आज तक यहां अखंड ज्योत के लिए लाए जाने वाले घी को प्लास्टिक के ड्रम में भरकर रखा जाता है इसका उपयोग अखंड ज्योत समेत आस पास क्षेत्र में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान हवन साहित अन्य जगहों पर काम में लिया जाता है गांव के बीचों बीच चबूतरे पर विधि विधान से स्थापित किया तभी से इस गांव का नाम खेड़ी से खेड़ी शंकर हो गया वहीं सावन में प्रत्येक सोमवार को यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन व पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

वहीं सोमवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब देखने को मिला इस अवसर पर खेड़ी शंकर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व जलाभिषेक सहित धार्मिक आयोजन किये गए इस अवसर पर शहर साहित उपखंड क्षेत्र में शिव मंदिरों में सुबह से ही हर हर महादेव की गूंज रही वहीं श्रद्धालु अपने आस्था के अनुरूप शिवलिंग पर जल बिल्वपत्र घी शहद दूध साहित आदि से अभिषेक किया

वहीं सोमवार को खेड़ी शंकर महादेव मंदिर में शिव स्त्रोत व शिव महिमा के पाठ हुए वहीं प्रतिदिन शिवलिंग का विशेष श्रृंगार भी गया वहीं श्रृंगार को देखने के लिए भक्तों की भीड़ दिनभर देखने को मिली इस अवसर पर सरवाड़ साहित अन्य जगहों से पैदल चलकर श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और भोलेनाथ के दर्शन किये।

इस अवसर पर पंडित हनुमान शर्मा द्वारा विषेश रूद्राभिषेक पाठ किया गया इस मौके पर गोपाल लाल धाकड़ ने बताया कि सावन मास में भगवान भोलेनाथ की आराधना करनी चाहिए व धर्म लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर जयकांत शर्मा,बनवारी लाल शर्मा, सूर्य प्रकाश सिकवाल, गोपाल लाल धाकड़, नाथू लाल माली, जगनलाल शर्मा, सुरेश कुमार पांडे, नंदकिशोर सेन, कालूराम गुर्जर, नरेन्द्र कुमार सेन व विधि कुमार मुद्गल सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहें।

सावन के तीसरे सोमवार पर गुंज हर हर महादेव के जयकारे

अजमेर, (कासं)। सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर हर हर महादेव के जय-जयकारे गुंजे, तो वही अजमेर शहर की शिवालय मे सहस्त्रधारा के आयोजन हुए। सावन के तीसरे सोमवार के अवसर पर सोमवार को नागफनी स्थित पीपलेश्वर महादेव पर सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया। सहस्त्रधारा के संयोजक आजाद लखन ने बताया कि आचार्य अशोक दाधीच पंडित मनमोहन दाधीच के सानिध्य में विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर सहस्त्रधारा से महादेव का जलाभिषेक कर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया एवं महा आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। सहस्त्रधारा में पार्षद गीता लखन, शिवकुमार बंसल, मनीष अग्रवाल नौरत लखन, मानक चंद बंजारा, मुकेश साहू, दौलत नावरिया, भीम सिंह जाटव, सरवन बंजारा, सुरेश दायमा, हुकुम चन्द जाटव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सार-समाचार

विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ द्वारा लहरिया महोत्सव आयोजन

ब्यावर (निसं) विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ द्वारा जालिया प्रथम रोड स्थित पावणा का ढाबा पर तीज के अवसर पर लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया ।अध्यक्ष लता शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा गीत,नृत्य और विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद लिया गया ।प्रतियोगिताओं में लहरिया क्वीन का खिताब निशा पाराशर ने जीता। खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम नीतू शर्मा और द्वितीय स्थान विनीत शर्मा ने प्राप्त किया।विजेताओं को महाकाल इमिटेशन के निर्मल शर्मा की ओर से पारितोषिक वितरण किया गया।इस अवसर पर छोटे से बालक केसरी नंदन दुबे ने कंठस्थ हनुमान चालीसा सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।गीत और नृत्य पर भी महिलाएं झूम उठी।इस अवसर पर जिन महिलाओं का जन्म दिन था उन्हें तुलसी का पौधा भेंट कर जन्म दिया भी मनाया गया।अध्यक्ष लता शर्मा ने विप्र सेना में आई नई सदस्यों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।इस अवसर पर मोनिका कौशिक ,मंजू शर्मा ,रेनू गौतम ,दीपमाला जोशी, पुष्पा पाराशर ,किरण शर्मा ,मनीषा ओझा, कहानी ,दिव्या शर्मा ,संतोष शर्मा ,कंचन शुक्ला, पूनम, निशा, प्रभा उपाध्याय, डॉ मंजू शर्मा, रेनू उपाध्यक्ष ,ममता शर्मा, कविता शर्मा, निर्मला शर्मा ,नीतू शर्मा ,गरिमा शर्मा, पारूल शुक्ला ,विनीता, निधि ,श्वेता ,कविता शर्मा ,बुलबुल शर्मा आदि उपस्थित रही।अंत में सांस्कृतिक मंत्री मंजू शर्मा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

के. डी. जैन वि. में वृहद पौधारोपण

ब्यावर (निसं) के. डी. जैन इंग्लिश मीडियम सी.सै. स्कूल नरबदखेड़ा, ब्यावर मे राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजना हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। हरियाली मगरांचल पर्यावरण संस्थान टाटगढ़ के अध्यक्ष हजारी सिंह द्वारा वेलपत्रा का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुयश तातेड़, हिमांशु जैन,आयुषी जैन तथा प्रधानाचार्या कृष्णा तिवारी ने विद्यालय प्रांगण में एक साथ पौधारोपण किया। पौधारोपण के वृहद कार्यक्रम में अध्यक्ष हजारी सिंह टाटगढ़, दुर्गा सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, दलपत सिंह भरतलाल, विजय सिंह चौहान, राधेश्याम प्रजापति, प्रकाश सिंह भाटी, ललिता चौहान, जशोदा, आकांक्षा गोयल, गौरी प्रजापति उपस्थित रहे । विद्यालय की प्रधानाचार्या कृष्णा तिवारी ने पौधों का हमारे जीवन में महत्व बताते हुए कहा की हम केवल पौधरोपण कर अपने कार्य को इतिश्री न माने। उन्हें अपने बच्चे की तरह पालपोसकर देखभाल के साथ बड़ा करे। यह कोई आवश्यक नहीं की हमे उसके द्वारा शुद्ध वायु,फल,फूल ,छाया इत्यादि प्राप्त होंगे वरन हमारे बाद आने वाली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा।

सरवाड़ जर्जर अवस्था में भवन होने के बावजूद प्रशासन का नहीं है ध्यान

सरवाड़, (निसं)। शहर में जर्जर अवस्था में भवन होने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है वहीं वार्ड नंबर 18 में स्थित यह मकान बरसों पुराना होने के कारण गिरने के कगार पर है इस मकान के बारह से काफी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है यह प्रमुख जगह पर होने के कारण लोगों का आना जाना बना रहता है वहीं बाजार में होने के कारण हरदम खतरा को लेकर लोग निकल रहे हैं । मगर प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है परंतु भवन को गिरने की कार्रवाई नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है । वहीं बारिश के मौसम को देखते हुए कभी भी घटना घटित हो सकती है। आखिर में कब प्रशासन कार्रवाई करेगा और लोगों को राहत मिल सकेगी यह भवन कभी भी हादसे का रूप ले सकता है गई।

झड़वासा में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत रोपे गए 101 पौधे

नसीराबाद, (निसं)। हरियालो राजस्थान अभियान और श्रावण तीज के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झड़वासा के स्टाफ ने विद्यालय के नवीन खेल मैदान (निज़ामपुरा रोड) पर पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य कौशल्या यादव ने बताया कि अभियान के तहत 10 प्रजातियों के कुल 101 पौधे लगाए गए। इस दौरान स्टाफ ने खुद गड्ढे खोदकर पौधों को रोपने के साथ उन्हें पानी भी पिलाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की थीम 'एक पेड़ माँ के नाम' को साकार करते हुए राजस्थान को हरा-भरा रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी स्टाफ को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग और महिला अधिकारिता विभाग की टीम भी मौजूद रही।

भैरव धाम में सावन की श्रद्धा का सैलाब

नसीराबाद, (निसं)। श्रावण मास के पावन अवसर पर मसानिया भैरव धाम में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। पुष्कर से पवित्र जल लेकर निकले कांवड़िए दिन-रात धाम पहुंच रहे हैं। यहां आकर भक्त बाबा भैरव और मां कालिका के दर्शन कर, सर्वधर्म मनोकामना स्तंभ की परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं। धाम का वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'जय भैरव' के नारों से गुंजायमान है। कांवड़ियों का कहना है कि इस पावन स्थल पर उन्हें न केवल आत्मिक शांति बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत अनुभव हो रहा है।

प्रतिभाओं को सम्मानित किया

- **केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा की एक मंच पर इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित प्रतिभाओ को सम्मानित किये जाना वाकई में अत्यंत सराहनीय व प्रेरणादायी है**

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिभाओ को सम्मानित करने का सिलसिला निरंतर जारी है। सूरज देवी पाटनी सभागार में आयोज्य समारोह में शिक्षा, खेल, सामाजिक व प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 1500 होनहारो का हौसला बढ़ाकर सम्मान किया। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा की एक मंच पर इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित प्रतिभाओ को सम्मानित किये जाना वाकई में अत्यंत सराहनीय व प्रेरणादायी है, यह आयोजन किशनगढ़ की प्रगति व शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतिक है। सभापति राठौड़ ने कहा की उनके कार्यकाल में प्रत्येक वर्ष मिशन तय कर तैयारियां की जाती है, मेरा मकसद है छुपी हुई प्रतिभाओ को आगे लाकर इनका हौसला बढ़ाया जाये, जिससे यह परिवार समाज व देश को गौरान्वित कर सके। उन्होंने कहा कक्षा 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विधार्थी, विश्वविद्यालय महाविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सहित राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साहवर्धन किया है। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने कहा कि आज का यह दिन किशनगढ़ नगर परिषद के लिए गौरव का क्षण है। मंच पर सम्मान इस बात का प्रमाण है कि हमारा शहर शिक्षा, खेल, प्रशासनिक सेवाओं व सामाजिक गतिविधियों में लगातार प्रगति की और अग्रसर है। हमारा उद्देश्य केवल भौतिक विकास तक सीमित नहीं है, हम चाहते हैं कि किशनगढ़ का नाम शिक्षा और प्रतिभा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर चमके। इसी संकल्प के साथ यह प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आयुक्त सीता वर्मा, उपसभापति मनोहर तारानी के अलावा पार्षद, अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जर्जर भवनों की अनदेखी न हो जाए किसी बड़े हादसे का कारण

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र में चिकित्सा विभाग के आवासीय क्वार्टर पूर्व चिकित्सा भवन पूर्व पुलिस थाना मसूदा जर्जर अवस्था में कृषि मंडी हाई सेकेंडरी स्कूल छात्रावास सरकारी और निजी विद्यालय आंगनबाड़ी सहित क्षेत्र में मंडरा रहे हैं खतरे के बादल समय रहते हुए प्रशासन नहीं जागा तो बड़ी अनहोनी घटना घटित होने के आसार नजर आएंगे कई विद्यालय को आंगनबाड़ी के आसपास जल भराव जल रिसाव देखने को मिल रहे हैं उसके बावजूद भी विद्यालय प्रशासन शिक्षा विभाग व अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा उपखंड क्षेत्र में ध्यान देकर अतिआवश्यक कदम उठाने पड़ेंगे कई विद्यालयों की छतें जर्जर हालत में देखी गई । स्कूलों से लगे खेत अपनी सेल वाला भारी होने के कारण पानी का रिसाव स्कूलों में जाने से खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है। आवासीय क्षेत्र में 5 से 20 फीट तक पानी मकान के चारों ओर खेतों के पानी भरा हुआ।

जर्जर भवनों की रिपोर्टिंग के लिए कमेटी गठित

- **ग्रामीण क्षेत्रो के लिए गठित कमेटी के सदस्य सचिव स्थानीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी होंगे। साथ ही तहसीलदार, संबंधित विभाग अथवा कार्यालय में पदस्थापित उच्चतम अधिकारी तथा विकास अधिकारी सदस्य होंगे**

अजमेर, (कासं)। जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जर्जर राजकीय भवनों की जांच रिपोर्ट के सम्बन्ध में कमेटी गठित की गई है। जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर, आंगनबाड़ी केन्द्रों चिकित्सा संस्थानों तथा अन्य जर्जर राजकीय भवनों की सघन जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रो के लिए गठित कमेटी के सदस्य सचिव स्थानीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी होंगे। साथ ही तहसीलदार, संबंधित विभाग अथवा कार्यालय में पदस्थापित उच्चतम अधिकारी तथा विकास अधिकारी सदस्य होंगे।

इसी प्रकार शहरी क्षेत्रो के लिए गठित कमेटी के सदस्य सचिव भी स्थानीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी होंगे। इसके सदस्य तहसीलदार, संबंधित विभाग अथवा कार्यालय में पदस्थापित उच्चतम अधिकारी, उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, आयुक्त नगर परिषद अथवा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि यह कमेटी सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, एवं समग्र शिक्षा अभियान के अभियंताओं के सहयोग से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त राजकीय भवनों की गहनता से निर्धारित बिन्दुओं पर सघन जांच कर निर्धारित प्रपत्रों में जांच रिपोर्ट 3 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगी। जो राजकीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, चिकित्सा संस्थान, अन्य राजकीय कार्यालय भवन जर्जर हैं चाहे वे मरम्मत योग्य हो अथवा नहीं हो उनमें संचालित गतिविधियों को तत्काल अन्यत्र भवनों में स्थानान्तरित कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ऐसे भवन जिनकी मरम्मत की जाकर दुरस्त किया जा सकता हो ऐसे जर्जर भवनों का तकमीना तैयार करा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। ऐसे भवन जिन्हें दुरस्त किए जाने की संभावना नहीं है, उन्हें नियमानुसार ध्वस्त करवाए जाने की कार्यवाही की जाए।

विश्व हेपेटाइटस डे मनाया, अस्पताल में लगा विशेष हैल्थ स्क्रीनिंग शिविर

नागौर। विश्व हेपेटाइटस डे पर जिले के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां हुईं। स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटस बी एवं सी से बचाने के लिए गत 19 जुलाई से शुरू किया गया टीकाकरण अभियान हेपेटाइटस डे पर सोमवार को भी जारी रहा। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगल किशोर सैनी के मार्गदर्शन में वर्ल्ड हेपेटाइटस डे पर भी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में आमजन की हैल्थ स्क्रीनिंग के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण किया गया। पंडित जेएलएन अस्पताल में सोमवार को वर्ल्ड हेपेटाइटस डे पर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अशोक झाड़वाल ने हेपेटाइटस बी व सी के संभावित 106 रोगियों की हैल्थ स्क्रीनिंग की गई। विश्व हेपेटाइटस डे पर पंडित जेएलएन अस्पताल में आयोजित इस गतिविधि की जिला स्तर से एनएचएम के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सोनी तथा एपिडेमोलॉजिस्ट साकिर खान ने मॉनिटरिंग भी की। वहीं दूसरी ओर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अशोक झाड़वाल ने बताया कि 19 जुलाई से लेकर हेपेटाइटस डे यानी सोमवार तक जिला मुख्यालय पर कुल 143 स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटस बी से बचाव को लेकर टीके लगाए गए। प्रत्येक चिकित्सा कर्मी को हेपेटाइटिस-बी की तीन डोज लगाई जाएगी। यह टीकाकरण अभियान नेशनल वायरन हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है। इसके साथ-साथ इस रोग से बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता लाने का काम भी जारी है। डॉ. झाड़वाल ने बताया कि हेपेटाइटस बी व सी के रोगियों में वायरल लोड की जांच अब राजकीय जिला अस्पताल में निशुल्क हो सकेगी। यह जांच ट्रू नॉट मशीन के जरिए होगी। वायरल लोड की जांच का कार्य सोमवार का शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटस बी व सी के रोगियों में वायरल लोड की जांच के लिए प्रत्येक सप्ताह का शुक्रवार तय किया गया है। आरसीएचओ डॉ महेश वर्मा ने बताया कि यह टीकाकरण स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। हेपेटाइटिस बी एक संक्रामक रोग है, जो सुई चुभने से, संक्रमित रक्त या अन्य शरीर द्रव्यों के संपर्क में आने से फैलता है। चूंकि स्वास्थ्य कर्मी इस खतरे से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं। इसलिए यह टीकाकरण उनकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। चिकित्सा कर्मियों को अभियान के तहत तीन खुराकें निर्धारित समय पर दी जाएगी। हेपेटाइटिस टीकाकरण के साथ साथ स्वास्थ्य कर्मियों को इसके लक्षण, रोकथाम, परीक्षण व उपचार की भी जानकारी दी जा रही है।

चिकित्सा विभाग की अभिनव पहल : चिकित्साकर्मी स्वयं बन रह निक्षय मित्र

- निक्षय मित्र बनकर चिकित्साकर्मियों ने संभाली टीबी रोगियों की जिम्मेदारी

भीलवाड़ा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के विजन को साकार करने की दिशा में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग ने एक सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की है। चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कर्मियों ने जनसरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्वयं 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी रोगियों को पोषण एवं मानसिक सहयोग देने की अनूठी मिसाल पेश की है। इसी कड़ी में सोमवार को जिले के सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 50 टीबी रोगियों को कार्यालय के अधिकारी व स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा बारी-बारी से 'निक्षय पोषण सामग्री किट' वितरित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में टीबी रोगियों को पोषण की सहायता प्रदान करने को लेकर अब तक 1372 से अधिक चिकित्सा कार्मिक 'निक्षय मित्र' बन चुके हैं, जिनके माध्यम से 2019 से अधिक टीबी रोगियों को पोषण व सहयोग प्राप्त कराया गया है। उन्होंने जिले के चिकित्सा अधिकारी व कार्मिकों की इस पहल को मानवता की सेवा में एक अनुकरणीय उदाहरण बताया और आमजन से भी अधिकाधिक रोगियों को गोद लेकर उनके उपचार में सहभागी बनने का आ ान किया। उन्होंने कहा, टीबी का इलाज संभव है, यदि नियमित दवा और पौष्टिक आहार मिले। चिकित्साकर्मियों की यह पहल समाज को प्रेरणा देने वाली है। उन्होंने बताया कि 27 से 31 जुलाई तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान के तहत चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आगे आकर रोगियों को गोद ले रहे हैं और उन्हें पोषण किट, सहयोग व संबल प्रदान कर रहे हैं। इस अभियान के तहत नवीन 'निक्षय मित्रों' की पहचान, पंजीकरण एवं मरीजों से संपर्क सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि रोगी उपचार की पूरी अवधि में हरसंभव सहयोग प्राप्त कर सकें।

सीएमएचओ व पीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

भीलवाड़ा। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाना एवं वायरल हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सोमवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नर्सिंग छात्रों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी एवं प्राचार्य पीएमओ डॉ. अरुण गोड ने महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्रों व स्वास्थ्यकर्मियों को हेपेटाइटिस की रोकथाम एवं समय पर जांच व उपचार के लिए प्रेरित किया।

गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था का लहरिया एवं तीज महोत्सव

- **निधि गौड़ द्वारा विघ्नहर्ता गणपति बप्पा नृत्य के माध्यम से लहरिया एवं तीज महोत्सव कार्यक्रम का आगाज किया गया**

ब्यावर (निसं) गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था के महिला प्रकोष्ठ द्वारा लहरिया एवं हरितालिका तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की वरिष्ठ महिला संगरक्षक एवं अध्यक्षा प्रीति शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। निधि गौड़ द्वारा विघ्नहर्ता गणपति बप्पा नृत्य के माध्यम से लहरिया एवं तीज महोत्सव कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम संचालिका अंजलि भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि लहरिया में हरियाली तीज से संबंधित गेम रखे गए एवं एकल नृत्य, युगल नृत्य, लहरिया क्वीन आदि अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं और गेम में लक्ष्मी भारद्वाज, निधि गौड़ , रेनू भार्गव, रागिनी शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एकल नृत्य में मेघा जोशी प्रथम, रागिनी शर्मा द्वितीय, लक्ष्मी भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवरानी जेठानी, सास बहू, और ननद भाभी, मां बेटी ,आदि जोड़ियां ने भी भाग लिया जिसमें देवरानी जेठानी के रूप में भाग लेने वाली अंजलि भार्गव और रेनू भार्गव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गेम्स में दिव्या शर्मा और पुष्पा शर्मा विजयी रही। इस अवसर पर श्याम लता शर्मा, पुष्पा शर्मा, आशा शर्मा सावित्री शर्मा, निशि भार्गव, सुनीता शर्मा, रजनी चतुर्वेदी, सुमित्रा शर्मा, मेघा शर्मा, सीमा शर्मा, कुमकुम शर्मा, रितु शर्मा और और बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अंजलि भार्गव और लक्ष्मी भारद्वाज ने किया।

बालीवुड सिंगर राहुल की दर्द भरी आवाज से गूंज उठा सभागार

अजमेर, (कासं)। अजयमेरु प्रेस क्लब का सभागार रविवार को बॉलीवुड सिंगर और कम्पोज़र राहुल भट्ट की दर्द भरी आवाज़ से गूंज उठा। खास मेहमान के रूप में उन्होंने मोहम्मद रफी साहब का 'चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे ' गीत गाकर श्रोताओं को अपना कायल बना लिया। गीत समाप्त होते ही सभागार 'वंस मोर - वंस मोर की आवाज़ों से गूंज उठा। श्रोताओं की भारी मांग पर उन्होंने 'पत्थर के सनम , तुझे हमने खुदा जाना ' पेश किया। गीत खत्म होते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था रफ़ी साहब की स्मृति में आयोजित ' स्वरांजलि ' कार्यक्रम में गीतों भरी श्रद्धांजलि का। सुखद यह है कि भट्ट अजयमेरु प्रेस क्लब के सदस्य और शास्त्रीय संगीत गुरु आनंद वैद्य के शिष्य रहे है, उन्होंने पहली बार जी टीवी के रियलिटी शो ' सारेगामा ' से मुंबई की नगरी में कदम रखा। इसके बाद जी म्यूजिक के वीडियो एलबम ' भारत के लिए रहना होगा ' के जरिए सुर्खियों में आए। अजयमेरु प्रेस क्लब में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में डॉ.रमेश अग्रवाल, अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल, प्रताप सिंह सनकत, गुरजेंद्र सिंह विर्दी, हेमंत कुमार शर्मा, मुकेश परिहार, अमित टंडन, प्रदीप गुप्ता, आभा शुक्ला, राकेश परिहार, फरहाद सागर, राजकुमार पारीक, गणेश चौधरी, शरद कुमार शर्मा, अनिल गुप्ता, सैय्यद मोहम्मद सलीम, सुरेश कुमार श्रीचंदानी , रामगोपाल सोनी और महादेव कर्मवानी ने गीतों के माध्यम से रफ़ी साहब को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत भजन' जय रघुनंदन, जय सियाराम ' से हुई।

आम सूचना

मेरी सासुजी लाजवन्ती देवी पत्नी स्व. श्री महेन्द्रपाल सिंह जाति प्रजापत निवासी व्यापारी मोहल्ला मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 01 नवम्बर 2005 को मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थिया-दीपाली सिंह पत्नी स्व0 जितेन्द्रपाल सिंह

ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में अवगत कराया

- **बस स्टैंड के अंदर नहीं आती,बाहर से गुजर जाती,**
- **जनसुनवाई में मौखिक आदेश की निकली हवा**

मसूदा, (निसं)। 10 जुलाई को मसूदा पंचायत समिति वीसी कक्ष में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी जनसुनवाई में मसूदा मुख्य बस स्टैंड चालू व रोडवेज बस बस स्टैंड के अंदर से होकर जाने को लेकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी । वह अवगत कराकर बताया कि मुख्य बस स्टैंड सुचारू रूप से चालू हो व ठहराव किया जाए।मसूदा अजमेर रोडवेज बसों का पूर्व की भांति संचालित होलाखों रुपए खर्च कर बना रोडवेज बस स्टैंड अपनी पहचान खोता दिखाई दे रहा है।मसुदा नगर पालिका क्षेत्र के मीडिया द्वारा जिला कलेक्टर को समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में अवगत करवाकर जिसमें बताया कि मसूदा उपखंड क्षेत्र का मुख्यालय है। पूर्व में भी बस स्टैंड सुचारू रूप से संचालित हो रहा था । जनसुनवाई के दौरान बस स्टैंड चालू करने को लेकर बात नहीं बन सकी बस स्टैंड चालू को लेकर कुछ समस्याएं को लेकर बातचीत आधी अधूरी रह गई किस वजह से बस स्टैंड चालू नहीं हो पा रहा है यह तो प्रशासनिक अधिकारी अन्य जनप्रतिनिधि ही बता सकते हैं! जनसुनवाई के दौरान ब्यावर डिपो अधिकारी को मौखिक आदेश दिए गए थे कि संपूर्ण रोडवेज बसें बस स्टैंड के अंदर से होती हुई गुजरे जिसकी पालना आज तक नहीं हो पाई । यह भी अपने आप में बड़ी विडम्बना है ।मसूदा से अजमेर मार्ग पर चलने वाली अजमेर आगर की बसों को कम कर दिया गया ब्यावर डीपो की बसे भी कम की गई हैजिससे आमजन व सरकारी कर्मचारियों को परिवहन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।अत: जिला कलेक्टर से मांग की है कि पूर्व की भांति निम्नलिखित समय पर बसों के संचालन कर मसुदा कस्बेवासियों एवं सरकारी कार्यालयों पर आने वाले दर्जनों कर्मचारियों व ग्रामीणों को राहत मिल सके । जनसुनवाई के दौरान ब्यावर रोडवेज अधिकारी को मुख्य बस स्टैंड के अंदर बसों की आवाजाही के मौखिक आदेश दिए गए थे जिसकी आजतक पालना नहीं हुई है मौखिक आदेश की निकली हवा"पूर्व में अजमेर आगार की अजमेर से मसुदा सात बजे आती थी एवं मसुदा से अजमेर सात बसों की आवाजाही रहती थी इस बसों में सैकड़ों यात्रियों का आना जाना लगा था अब यह सुविधाओं से वंचित हैं।

सरकारी कर्मचारियों को आने व जाने में भारी असुविधा होती हैं ।ग्राम पंचायत मसुदा ने उपखण्ड अधिकारी को अवगत करवाया की लाखों रुपए खर्च कर रामगढ चौराहे पर नया बस स्टैंड बना होने के बावजूद दर्जनों बसों की आवाजाही है ।परंतु चालक व परिचालन की हठधर्मिता के कारण बस स्टैंड के अंदर बसे नहीं ठहरती है वही बस स्टैंड के बाहर से निकल जाती हैं और सभी बसे राव सर्कल के यहाँ पर ठहराव करती हैं। जिसके कारण दिनभर यातायात व्यवस्था बाधित होने के कारण जाम लगा रहता है जिसके कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

एसडीएम को एपीओ किए जाने के मामले ने पकड़ा तूल

भीलवाड़ा। सुरास ग्राम पंचायत क्षेत्र स्थित डांग (चारागाह भूमि) में जिंदल शॉ लिमिटेड द्वारा खनिज लीज की आड़ में चारागाह और सरकारी भूमि को अपने मंसूबों के हिसाब से खुरबुर्द करने के मामले में मांडल एसडीएम को एपीओ किए जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है।

जानकारी के अनुसार कंपनी को कुल 43.1921 हेक्टर भूमि लीज पर आराजी संख्या 2096/1 स्वीकृत थी, लेकिन इसके अतिरिक्त लगभग 4.7677 हेक्टर आरक्षित चारागाह भूमि आराजी संख्या 2096 तथा आराजी संख्या 1105 किस्म रास्ता पर अवैध खनन पाया गया। मांडल के तत्कालीन उपखंड अधिकारी सीएल शर्मा ने निर्देश देते हुए निवर्तमान तहसीलदार सुमन गुर्जर को मौके पर भेज जांच के करवाई तो मामले में गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद से ही जिंदल कंपनी द्वारा एसडीएम पर उक्त गड़बड़ी को नियम विरुद्ध जाकर ठीक करने और सरकारी भूमि को खुर्दबुर्द करते हुए जिंदल कंपनी के जिम्मे करने का दबाव बनाया जा रहा था। जिंदल शॉ लि. द्वारा चारागाह भूमि को भी अपने लीज क्षेत्र में शामिल करवाने के लिए एक फाइल उपखंड कार्यालय में भी प्रस्तुत की गई थी, जिसे स्वीकृत करवाने के लिए लगातार एसडीएम पर दबाव डाला जा रहा था। जब दबाव से आहत एसडीएम ने नियम विरुद्ध कार्य करने से इनकार कर दिया तो विभागीय आदेशों के चलते उन्हें एपीओ कर दिया गया। इस मामले में स्थानीय ग्रामीणों के साथ समाजजनों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर उठा प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 3 सूत्रीय मांग करते हुए बताया गया कि एसडीएम सी एल शर्मा को गलत आधार पर एपीओ किया गया है, जिसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। एसडीएम शर्मा ने ग्रामीणों की शिकायत पर ही नियमानुसार कार्यवाही की थी।

कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक: नपपु/भूमि/2025/238 — दिनांक:23.07.2025

उजरदारी सूचना

निम्न आवेदक ने अपनी वसीयत/क्रयशुदा/बख्शीसशुदा सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु नगर परिषद पुष्कर ने आवेदन किया है जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपति हो तो अपनी आपति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	स्थान	चतुर्थ सीमा	
1	श्री बसंत जाखेटिया पुत्र श्री किशन गोपाल जाखेटिया एवं श्री संदीप जाखेटिया पुत्र श्री किशन गोपाल जाखेटिया	भूखण्ड संख्या डी-3 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज वाके पारीक कॉलोनी पुष्कर	पूर्व- रास्ता पश्चिम-भूखंड सं. ई-3	उत्तर- भूखंड सं. डी-4 दक्षिण-भूखंड सं. डी-2

आयुक्त
नगर परिषद, पुष्कर